## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.05.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. सरकार ने कहा ग्रेट निकोबार परियोजना अंडमान सागर में भारत की उपस्थिति को मजबूत करने की एक रणनीतिक पहल है।
2. अंडमान निकोबार प्रशासन आज और कल दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्‌र्स खिताबों के लिए प्रयास करेगा।
3. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 4 मई से राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाएगा।
4. द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थानों से बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियम का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

सरकार ने कहा है कि ग्रेट निकोबार परियोजना इस बात का उदाहरण है कि समग्र विकास किस तरह आर्थिक विकास, पारिस्थितिक संरक्षण और सामाजिक समावेश को संतुलित कर सकता है। यह परियोजना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री और रक्षा उपस्थिति को मजबूत करने के लिए ग्रेट निकोबार की रणनीतिक स्थिति का लाभ उठाती है। साथ ही मजबूत पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों और जनजातीय कल्याण तंत्रों को भी शामिल करती है। ग्रेट निकोबार परियोजना अंडमान सागर में भारत की उपस्थिति को मजबूत करने की एक रणनीतिक पहल है। इसका उद्देश्य बंदरगाह–आधारित विकास को सुनियोजित पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के साथ संतुलित करना है। स्वदेशी समुदायों का संरक्षण इसकी योजना का केंद्रबिंदु है। यह परियोजना रणनीतिक, आर्थिक और पारिस्थितिक प्राथमिकताओं को जोड़ती है। यह सुनिश्चित करता है कि विकास टिकाऊ, समावेशी और राष्ट्रीय हितों के अनुरूप हो। यह परियोजना अंडमान सागर और दक्षिण पूर्व एशिया में भारत की उपस्थिति को काफी मजबूत करेगी, समुद्री और रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएगी और द्वीप को वैश्विक व्यापार और लॉजिस्टिक नेटवर्क के साथ एकीकृत करेगी। यह बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी

बंदरगाहों की तुलना में विशिष्ट भौगोलिक लाभों के साथ एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल भी स्थापित करेगी, जिससे भारत एक प्रमुख आर्थिक और रणनीतिक केंद्र के रूप में स्थापित होगा। पर्यावरण संबंधी गहन जांच और उसके परिणामस्वरूप लागू सुरक्षा उपायों के कारण ही पर्यावरण और वन संबंधी स्वीकृतियां प्रदान की गईं। ये स्वीकृतियां न्यायिक जांच में खरी उतरी हैं। इनमें एक ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, 450 मेगावाट क्षमता वाला गैस–सौर ऊर्जा संयंत्र और एक नियोजित टाउनशिप शामिल हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को वैश्विक साहसिक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से प्रशासन आज और कल दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताबों के लिए प्रयास करेगा। इन आयोजनों का लक्ष्य द्वीपों की असाधारण समुद्री संपदा को उजागर करना और उन्हें एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय डाइविंग गंतव्य के रूप में पेश करना है। इसके तहत आज राधानगर समुद्र तट पर "पानी के भीतर सबसे बड़ा ध्वज फहराने का प्रयास किया जाएगा और कल स्वराज द्वीप जेटी के लाइटहाउस के पास "पानी के भीतर सबसे ऊँचा ह्यूमन स्टैक बनाया जाएगा, जिसमें कम से कम बीस मीटर की ऊँचाई का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी उपस्थित रहेंगे। इसे देखते हुए कल सुबह 8 बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक स्वराज द्वीप जेट्टी की ओर आने वाले सभी जहाजों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस अवधि के दौरान सभी जलक्रीड़ा गतिविधियों पर भी रोक रहेगी।

<><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान – 100 दिवसीय अभियान के तहत दक्षिण अंडमान जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक लोग टीबी का शीघ्र निदान, उपचार, समय पर जाँच, इलाज का महत्व, सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी, खाँसते या छींकते समय बरती जाने वाली सावधानियाँ, टीबी से जुड़े भ्रम और सामाजिक भेदभाव को दूर करना, निक्षय मित्र सहायता जैसे विषयों पर रील बना सकते हैं। इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 मई है। रील 11 से 30 मई तक

जमा किए जा सकते हैं। विजेताओं को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के विस्तृत नियमों व दिशा–निर्देशों के लिए क्यू आर कोड स्कैन किया जा सकता है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 4 से 10 मई तक राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश भर के स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में अग्नि रोकथाम और सुरक्षा उपायों को मज़बूत करना होगा। इस वर्ष अग्नि सुरक्षा सप्ताह का विषय सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज – अग्नि रोकथाम के लिए एकजुट रहेगा। अभियान का लक्ष्य स्वास्थ्य कर्मियों, विद्यार्थियों और आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना, नियमों का पालन सुनिश्चित करना और सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थानों से बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियम, दो हजार सोलह का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा गया है। इस संबंध में सभी संस्थानों को जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रावधानों के तहत जैव–चिकित्सा अपशिष्ट, प्रबंधन, उपचार, प्रसंस्करण और निपटान के लिए प्राधिकरण प्राप्त करना आवश्यक है। इसके अलावा जल और –प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत ऐसी सुविधाओं, अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति से स्थापना, संचालन और उसके नवीनीकरण की सहमति प्राप्त करना अनिवार्य है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी संशोधित वर्गीकरण के अनुसार उद्योगों को उनकी क्षमता के आधार पर लाल, नारंगी, हरा और सफेद श्रेणियों में रखा गया है। सभी संबधितों को इन नियमों का पालन करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय में शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उद्योग निदेशालय, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न केंद्रों पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। श्री विजयपुरम, डिगलीपुर, लिटिल अंडमान और कार निकोबार स्थित प्रशिक्षण केन्द्रों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें 15 से 45 वर्षीय 10वीं कक्षा पास उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। उनका द्वीपसमूह निवासी होना अनिवार्य है। पात्र प्रशिक्षार्थियों को 1,000 रूपये प्रति माह वजीफ़ा प्रदान किया जाएगा। आवेदन फार्म 11 मई, से जारी किए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून, है। आवेदन फार्म उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण सेल और डिगलीपुर, हट बे एवं कार निकोबार के विस्तार कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

शैक्षणिक अंचल क्षेत्र, रंगत में स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश कोचिंग कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। बाराटांग, कदमतला, रंगत और बिल्लीग्राउंड जैसे विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले इस शिविर में 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग ले सकते हैं। यह कक्षाएं 5 मई से शुरू होंगी। इसका उद्देश्य स्कूली छात्रों के भीतर खेल कौशल का विकास करना, खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाना और प्रतियोगिता की तैयारी कराना है।

उधर, खेल एवं युवा मामले निदेशालय 45–दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल कोचिंग शिविर का आयोजन करेगा। यह शिविर 6 से 20 जून तक नेताजी खेल परिसर में चलेगा। इसमें 9 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं। शिविर में फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, साइकिलिंग, शतरंज, बैडमिंटन, तीरंदाजी, एथलेटिक्स और टेबल टेनिस जैसे खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पंजीकरण फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ आज से 4 मई तक सुबह दस बजे से शाम चार बजे के बीच नेताजी स्टेडियम से प्राप्त किए जा सकते है।

<><><><><><><>